आकाशवाणी केन्द्र शिमला
07.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज शिमला स्थित इंदिरा गांधी चिकित्सा महाविद्यालय में नवनिर्मित पांच मंजिला कैंसर अस्पताल भवन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि साढ़े 13 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस भवन का उद्देश्य उपचार क्षमताओं को स्तरोन्नत कर कैंसर रोगियों को लाभान्वित करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस भवन के निर्मित होने से अस्पताल में कैंसर रोगियों के लिए बिस्तरों की क्षमता 20 से बढ़ाकर 65 की गई है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के समय में हिमाचल प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का बंटाधार हुआ है लेकिन कांग्रेस सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ कर रही है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल में कैंसर के मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए समय पर ईलाज के उद्देश्य से सरकार जल्द ही आईजीएमसी में पैट स्कैन मशीन लगाएगी जिसके लिए 20 करोड़ रुपये आबंटित कर दिए गए हैं। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा ने चुनावों के मद्देनजर कांग्रेस सरकार पर बेबुनियाद आरोप लगाए और प्रदेश में सरकार ने कोई टॉयलेट टैक्स नही लगाया है। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

सुक्खू

इस बीच मुख्यमंत्री ने दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा शिमला में आयोजित भजन संध्या ‘भज गोविंदम’ में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने नशे की समस्या पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से नशा निवारण पहल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार नशे की तस्करी पर अंकुश लगाने और लोगों के पुनर्वास के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने नशे की तस्करी में संलिप्त लोगों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं और पिछले माह कई लोगों को गिरफ्तार किया गया।

सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार पच्छाद उपमंडल के कोटला–बड़ोग में राज्य स्तरीय नशा निवारण व पुनर्वास केंद्र स्थापित करने जा रही है।

जगत प्रकाश नड्डा

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि भारत की स्वास्थ्य प्रणाली ने सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज–यू.एच.सी हासिल करने के लिए "संपूर्ण सरकार" और "संपूर्ण समाज" के दृष्टिकोण को अपनाया है। इसके अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल और आवश्यक सेवाओं को मजबूत करने पर जोर दिया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन–डब्ल्यू.एच.ओ के दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्र के 77वें सत्र को संबोधित करते हुए जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि सरकार की आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से 12 करोड़ से अधिक परिवारों को लाभ मिला है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि भारत ने वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा केंद्र बनाने में डब्ल्यू.एच.ओ का समर्थन किया है।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार के दो साल के कार्यकाल में हिमाचल देशभर में सुर्खियों में बना हुआ है। आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने प्रदेश में सत्ता हासिल करने के लिए चुनाव से पहले लोगों को झूठी गारंटियां दी लेकिन आज तक उन्हें पूरा नहीं किया गया है और हर चीज पर टैक्स लगाकर लोगों पर महंगाई का बोझ बढ़ाया जा रहा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि मस्जिद विवाद हो या टॉयलेट टैक्स सहित सरकार के अन्य निर्णयों की देशभर में निंदा हो रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के समय शुरू की गई योजनाओं के ही वर्तमान सरकार उद्घाटन कर रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा आईजीएमसी में आज कैंसर केयर सेंटर का शुभारम्भ किया गया है जिसके लिए केंद्र से ही 56 करोड़ रुपये मिले हैं लेकिन उन्होंने केंद्र का आभार तक नहीं जताया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि दो साल बाद भी सरकार के हर फैसले में परिपक्वता नज़र नहीं आ रही है।

पत्रकार वार्ता

भाजपा अनुसूचित जनजाति विकास निगम के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष और पार्टी की राज्य कार्य समिति के सदस्य जयसिंह ने प्रदेश सरकार पर दलित विरोधी होने का आरोप लगाया है। आज चंबा में एक पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दलित बस्तियों की अनदेखी की जा रही है और चंबा ज़िले में अनुसूचित जाति विकास योजना के तहत मंजूर धनराशि को अन्य मदों पर खर्च किया जा रहा है। जयसिंह ने कहा कि प्रदेश में ऐसे कई दलित गांव है जो आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है।

समर्थ कार्यक्रम

ज़िला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण शिमला द्वारा गेयटी थियेटर में आज आपदा जोखिम न्यूनिकरण के अंतर्राष्ट्रीय दिवस 2024 के उपलक्ष्य में सुरक्षित निर्माण प्रथाओं पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में शिमला शहर के 11 स्कूलों ने हिस्सा लिया। इस दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्कूलों को सम्मानित भी किया गया।

____